कार्यालय प्रथम अपील अधिकारी, जिला कलक्टर,दौसा

श्री भागीरथ गुर्जर, निवासी ग्राम पोस्ट पांचोली तहसील सिकराय जिला दौसा–303509।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, सिकराय।

अपील संख्याः 86 / 2022

निर्णय दिनांक :04.08.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, सिकराय से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना / नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील प्रस्तुत की है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, सिकराय को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल / सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, सिकराय, जिला दौसा से सम्बन्धित है। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, सिकराय को पत्र क्रमांकः डी0एम0 / कोर्ट / 2022 / 1548 दिनांक 04.07.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, सिकराय द्वारा पत्र क्रमांकः सूचना का अधिकार / 2022 / 1404 दिनांक 20.07.2022 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से तहसीलदार सिकराय द्वारा अवगत करा दिया गया है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.02.15 12:50:26 IST
Reason: SelfAttested